वर्ष - 01 | अंक - 247 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार, 05 मार्च ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....



# चारभुजा नाथ के नगर भ्रमण में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, फूलों-गुलाल से रंगा बिजौलिया

## चांदी के विमान में विराजित भगवान की निकली भव्य शोभायात्रा , फाल्गुन उत्सव में दो हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने खेली भक्तिभाव की होली

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

कपिल श्याम विजय ।

बिजौलिया में होली की संध्या पर बुधवार को कस्बा भक्ति, आस्था और उत्साह के रंगों में सराबोर नजर आया। अवसर था हर वर्ष आयोजित होने वाले भगवान चारभुजा नाथ के नगर भ्रमण के साथ मनाए जाने वाले पारंपरिक फूलडोल महोत्सव का। इस दौरान कस्बे में भक्त और भगवान एक साथ फागोत्सव के रंग में डूबे दिखाई दिए।

देर शाम चारभुजा नाथ मंदिर से भगवान चारभुजा नाथ और लड्डू गोपाल को चांदी के विमान में विराजित कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जैसे ही शोभायात्रा मंदिर से रवाना हुई, वैसे ही भक्तों में उत्साह का माहौल बन गया और श्रद्धालु नाचते-गाते, गुलाल उड़ाते हुए भगवान के साथ होली खेलते नजर आए।शोभायात्रा चारभुजा नाथ मंदिर से शुरू होकर लाल बड़ली, सदर बाजार और बड़ा दरवाजा होते हुए पंचायत चौक स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर पहुंची। यहां भगवान चारभुजा नाथ के सान्निध्य में रंग-रंगीला फाल्गुन उत्सव मनाया गया। भगवान का अलौकिक श्रृंगार किया गया और श्रद्धालुओं ने फूलों व गुलाल से जमकर होली खेली।



मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। सदर बाजार स्थित गणेश मंदिर पर शोभायात्रा का फूलों से स्वागत किया गया। महोत्सव के दौरान पारंपरिक घोड़ी नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़े।

शोभायात्रा और फूलडोल महोत्सव में कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। अनुमानित दो हजार से अधिक लोगों ने इस धार्मिक आयोजन में भाग लेकर भगवान चारभुजा नाथ के साथ भक्तिभाव की होली खेली।

इस अवसर पर भगवान की विधिवत पूजा-अर्चना की गई, प्रसाद वितरण हुआ तथा डीजे की धुनों पर भक्तों ने जमकर फागोत्सव का आनंद लिया। शोभायात्रा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। थानाधिकारी स्वागत पांड्या के नेतृत्व

# प्रधानमंत्री की फोटो दिखाकर 'चाय वाले को टपकाने' की रील बनाई, तीन युवक डिटेन

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर

(भीलवाड़ा)। सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री की तस्वीर दिखाते हुए 'चाय वाले को टपकाने' जैसी आपत्तिजनक टिप्पणी कर बनाई गई एक रील तीन युवकों के लिए मुसीबत बन गई। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और तीनों युवकों को डिटेन कर थाने ले जाकर पूछताछ शुरू कर दी है।

जहाजपुर थाना प्रभारी लोकपाल सिंह ने बताया कि इंस्टाग्राम पर बनाई गई एक रील तेजी से सोशल मीडिया ग्रुप्स में वायरल हो रही थी। रील में तीन युवक आपस में बातचीत करते दिखाई दे रहे हैं। बातचीत के दौरान वे 'एक चाय वाले को टपकाने' की बात करते हैं।

वीडियो में जब एक युवक दूसरे से पूछता है कि यह चाय वाला कौन है, तो उनमें से एक युवक अपने मोबाइल में प्रधानमंत्री की तस्वीर दिखाता नजर आता है। यह क्लिप सोशल मीडिया पर फैलते ही लोगों में नाराजगी भी देखने को मिली।

थाना प्रभारी सिंह ने बताया की



वीडियो की सामग्री आपत्तिजनक होने के साथ ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही थी। इसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल टीम गठित कर जांच शुरू की और रील बनाने वाले युवकों की पहचान कर उन्हें डिटेन कर लिया।

पुलिस ने मोहम्मद अली (26) पुत्र शहर मोहम्मद निवासी जहाजपुर, आवेश राजा (20) पुत्र रफीक मेवाती निवासी जहाजपुर और फरदीन मोहम्मद (24) पुत्र रफीक मोहम्मद निवासी जहाजपुर को हिरासत में लिया है। तीनों से थाने में पूछताछ की जा रही है।

पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए वीडियो की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गौशाला की तारबंदी को लेकर दो पक्षों में विवाद, पांच घायल

## कालिरड़िया गांव में मारपीट के बाद तनाव, पुलिस ने जेसीबी व चार बाइकें जब्त की

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव)। आमा ग्राम पंचायत के कालिरड़िया गांव में बालाजी गौशाला की तारबंदी के दौरान रास्ते को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। घटना में दोनों पक्षों के पांच लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस को स्थिति नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त जाप्ता बुलाना पड़ा।

बड़लियास थाना प्रभारी मुन्नीराम चोयल ने बताया कि मंगलवार शाम गौशाला निर्माण के लिए तारबंदी का कार्य चल रहा था। इसी दौरान कालू खान के परिवार के लोगों से रास्ते को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला हो गया। मारपीट में कालिरड़िया निवासी देबीलाल पुत्र मोडा ओड़, गोविंद पुत्र भीमराज ओड़, साहुना बानो पत्नी मौसम खान मेव, खेरुना बानो पत्नी रज्जू खान मेव और मेरुना बानो





पत्नी सरफू खान मेव घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस व निजी वाहनों से जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। घटना के बाद मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। हालात को काबू में करने के लिए



बड़लियास थाना पुलिस के साथ कोटड़ी, बिगोद, मंगरोप, हमीरगढ़ सहित अन्य थानों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन, मांडलगढ़ पुलिस उपाधीक्षक बाबूलाल बिश्नोई और सदर सीओ माधव उपाध्याय भी मौके पर पहुंचे और समझाइश के बाद स्थिति को शांत कराया।

### जेसीबी व बाइकें जब्त, कुछ लोगों को किया डिटेन

पुलिस ने घटना स्थल से एक जेसीबी मशीन और चार मोटरसाइकिल जब्त की हैं। मामले में कुछ लोगों को चिन्हित कर डिटेन किया गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

### जेसीबी चढ़ाने का भी लगाया आरोप

मामले को लेकर राधेश्याम पुत्र उदयलाल तेली ने बड़लियास थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गौशाला में तारबंदी के दौरान सरफुद्दीन, उसके पुत्र जाहिद, सलीम सहित अन्य लोग हथियार और जेसीबी मशीन लेकर पहुंचे और जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि लोगों के ऊपर जेसीबी चढ़ाने का भी प्रयास किया गया। इस संबंध में 9 नामजद सहित 40-50 अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

वहीं बुधवार को ग्रामीणों ने भीलवाड़ा जिला पुलिस कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपते हुए मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है।

CMYK

# नेशनल हाईवे पर दो अलग-अलग सड़क हादसे, दो युवक घायल

## आसींद थाना क्षेत्र में बाइक फिसलने से हुए हादसे

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद । ।



नेशनल हाईवे 148D पर अलग-अलग स्थानों पर मंगलवार देर रात हुए दो सड़क हादसों में दो युवक घायल हो गए। दोनों दुर्घटनाएं बाइक अनियंत्रित होकर फिसलने के कारण हुईं। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को 108 एम्बुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

पहला हादसा मॉडल स्कूल के पास हुआ। जानकारी के अनुसार जैतगढ़ की झोपड़ियां निवासी 19 वर्षीय कन्यालाल पुत्र गोपी भील बाइक से जा रहा था। इसी दौरान अचानक उसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे वह घायल हो गया। सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस की सहायता से घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया गया।

दूसरा हादसा बामणी चौराहे के पास हुआ। कटार निवासी एक युवक आसींद से अपने गांव की ओर बाइक से जा रहा था। इसी दौरान उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत एम्बुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। पुलिस हादसों के कारणों की जांच में जुटी हुई है।

# करंट लगने से किसान की मौत, होली की खुशियां मातम में बदली

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**(सांवर वैष्णव)।** क्षेत्र के कानावतों का खेड़ा (नोहरा) गांव में करंट लगने से एक किसान की मौत हो गई, जिससे होली की खुशियां मातम में बदल गईं। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

सवाईपुर चौकी प्रभारी प्यारचंद खटीक ने बताया कि कानावतों का खेड़ा (नोहरा) निवासी उदय सिंह पुत्र भंवर सिंह राजपूत (53) सोमवार को होलीका दहन के दिन खेत पर गेहूं की सिंचाई करने गया था। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजन खेत पर पहुंचे, जहां उदय सिंह करंट की चपेट में आने से अचेत अवस्था में पड़ा मिला ।

परिजन उन्हें तुरंत कोटड़ी उप जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया और गांव में होली की खुशियां मातम में बदल गईं। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। इस संबंध में बड़लियास थाने में मृतक के पुत्र तेज सिंह ने मर्ग दर्ज करवाई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पिकअप-बाइक की जोरदार टक्कर, बाइक 50 फीट तक घसीटी

## बनकाखेड़ा चौराहे पर हादसा टला, बाइक चालक भीलवाड़ा रेफर

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।



**सवाईपुर ( सांवर वैष्णव ):-** कस्बे के निकटवर्ती बनकाखेड़ा गांव के मुख्य चौराहे पर आज बुधवार दोपहर को उसे समय एक बड़ा हादसा होने से टल गया, जब एक तेज रफ्तार पिकअप और बाइक की आपस में टक्कर हो गई, टक्कर इतनी जबरदस्ती की बाइक पिकअप के नीचे फंस गई, इसमें बाइक चालक घायल हो गया, घायल को जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया, सूचना पर सवाईपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची । कांस्टेबल श्रवण कुमार ने बताया कि नेशनल हाईवे 758 पर बनकाखेड़ा चौराया पर भीलवाड़ा से सवाईपुर की तरफ जा रही पिकअप की कंवलियास की तरह से आई बाइक की सामने से जोरदार टक्कर हो गई, टक्कर इतनी जबरदस्ती की बाइक पिकअप के नीचे फंस गई और पिकअप बाइक को करीब 50 फीट तक घसीटते हुए? ले गई, टक्कर लगने पर बाइक चालक उछलकर दूर जा गिरा, जिससे चालक जगदीश पिता बालू गाडरी उम्र 30 वर्ष निवासी चतरपुरा घायल हो गया, घायल को सवाईपुर 108 एंबुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय भेजा गया, वहीं सूचना पर पहुंची सवाईपुर चौकी पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से पिकअप के नीचे फसी बाइक को निकाल कर दोनों वाहनों को चौकी पर खड़ा किया । वही दुर्घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों व राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई ।।

# 10 घरेलू गैस सिलेण्डर, 4 रेगूलेटर एवं तौल मशीन जब्त

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों के दुरूपयोग से हो रही दुर्घटनाओं तथा वाहनों में अवैध रिफिलिंग से जान-माल व राजस्व हानि को रोकने हेतु कार्रवाई में जिला रसद अधिकारी द्वारा बुधवार को शहर के चन्द्रशेखर आजाद नगर स्थित 2 प्रतिष्ठानों यथा सोफिया रिपेयरिंग एवं कनक गैस सर्विस का औचक निरीक्षण कर मौके पर 10 घरेलू गैस सिलेण्डर, 4 रेगूलेटर एव 1 तौल मशीन जब्त की जाकर श्रीनाथ गैस एजेंसी के मालिक आशीष अग्रवाल को सुपुर्दगी में दिये गये।

जिला रसद अधिकारी अमरेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि जांच के दौरान आरोपियों द्वारा 14.2 किग्रा के घरेलू गैस सिलेण्डर से 5 किग्रा एवं 2.5 किग्रा वाले गैस सिलेण्डरों में अवैध रूप से एलपीजी को भरा जाता है। 14.2 किग्रा घरेलू गैस सिलेण्डर में भरी हुयी गैस की कीमत 61.48 रूपये प्रति किग्रा है जबकि आरोपियों द्वारा 100 रूपये प्रति किग्रा. की कीमत पर छोटे सिलेण्डरों में गैस भरी जाती है। इस प्रकार का कार्य ना केवल गैर कानूनी है बल्कि खतरनाक भी है। क्योंकि एलपीजी के ज्वलनशील होने से गैस के हस्तानांतरण के वक्त विस्फोट की संभावना बनी रहती है। आसपास के लोगो के द्वारा यह भी जानकारी दी गयी कि दोनों आरोपियों द्वारा ना केवल बडे सिलेण्डर से छोटे सिलेण्डर में एलपीजी का हस्तानांतरण किया जाता है बल्कि वाहनों में भी अवैध रूप से घरेलू गैस की रिफिलिंग की जाती है।

मौके पर मिले घरेलू गैस सिलेण्डर, तौल मशीन, रेगूलेटर आदि उपकरण इन तथ्यों की पुष्टि करते है। उक्त कार्यवाही एलपीजी ऑर्डर 2000 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत की गयी। मौके पर की गयी कार्यवाही में वरिष्ठ सहायक, जिला रसद कार्यालय मौजूद रहे।

# ग्रहण और तिथियों के फेर में फीकी रही धुलंडी, दो दिन तक चला रंगों का सिलसिला

## शहर में खुले रहे बाजार, गलियों में गूंजी 'होली है'; कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण रहा माहौल





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

वस्त्रनगरी में इस बार धुलंडी का पर्व परंपरा और खगोलीय असमंजस के बीच मनाया गया। चंद्रग्रहण और तिथियों को लेकर बने संशय के कारण रंगों का उत्साह कुछ फीका नजर आया और सालों पुरानी परंपरा भी आंशिक रूप से टूटती दिखाई दी। शहर में जहां मंगलवार को सीमित रूप से होली खेली गई, वहीं कई लोगों ने बुधवार को रंगोत्सव मनाया।

अमूमन धुलंडी के दिन रंगों की बौछार और हुड़दंग से सराबोर रहने वाला शहर इस बार अपेक्षाकृत शांत नजर आया। हालांकि सुबह से ही युवाओं और बच्चों की टोलियां गलियों और सड़कों पर रंग-गुलाल के साथ होली खेलती दिखाई दीं, लेकिन सार्वजनिक आयोजनों में भीड़ कम रही। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से नेहरू गार्डन में कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ होली खेली, वहीं कई सामाजिक संगठनों और महिला समूहों ने बुधवार को सामूहिक रूप से रंगोत्सव मनाया।

धुलंडी के दिन दोपहर तक बाजार बंद रखने की शहर की पुरानी परंपरा इस बार टूटती नजर आई। गुलमंडी से लेकर सांगानेरी गेट तक मुख्य बाजारों में अधिकांश दुकानें खुली रहीं। व्यापारियों का कहना था कि इस बार धुलंडी दो दिनों में मनाए जाने के कारण बाजार बंद रखने को लेकर स्पष्टता नहीं रही। हालांकि दुकानों के खुलने के बावजूद ग्राहकों की आवाजाही लगभग नदारद रही और व्यापारी अधिकतर बाहर बैठकर चर्चा करते नजर आए।



जिलेभर में होली का पर्व कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन सहित अन्य पुलिस अधिकारियों की निगरानी में पुलिस बल लगातार मुस्तैद रहा। दो दिन के बजाय तीन दिन तक कार्यक्रम बढ़ने के कारण पुलिस लाइन में होने वाली पारंपरिक पुलिस होली अब गुरुवार को खेली जाएगी।

# बिजोलिया में धूमधाम से मनाई धुलंडी, इलोजी की बारात बनी आकर्षण

## डीजे और ढोल की थाप पर रंग-गुलाल के साथ झूमे युवा, पुलिस रही मुस्तैद











भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

**नरेश धाकड़** । क्षेत्र में रंगों का पर्व धुलंडी बुधवार को उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। सुबह से ही बच्चों और युवाओं की टोलियां रंग-गुलाल लेकर सड़कों पर निकल पड़ीं और एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की खुशियां साझा कीं।कस्बे के पंचायत चौक, राजपूत मोहल्ला, सदर बाजार, ओड़ मोहल्ला, इंदिरा कॉलोनी और केसरगंज सहित कई इलाकों में लोगों ने समूह बनाकर डीजे व ढोल की थाप पर नाचते-झूमते अबीर-गुलाल और पिचकारी के साथ होली खेली। लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर शुभकामनाएं दीं और छोटों ने बड़ों का आशीर्वाद लिया। त्योहार को देखते हुए प्रमुख चौराहों पर पुलिस भी मुस्तैद रही।

**इलोजी की बारात बनी आकर्षण**

धुलंडी के अवसर पर दोपहर करीब 12 बजे पंचायत चौक से लोकदेवता इलोजी को दूल्हे के रूप में सजाकर पारंपरिक बारात निकाली गई, जो कस्बे के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। बारात में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण शामिल हुए।

लोक मान्यता के अनुसार इलोजी को मस्तमौला लोकदेवता के रूप में पूजा जाता है। मान्यता है कि संतान सुख और व्यापार में उन्नति की कामना लेकर आने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामना यहां पूरी होती है। होलिका दहन के अगले दिन इलोजी की बारात निकालने की यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है।

# धानेश्वर तीर्थ पर फूलों और गुलाल से खेली ठाकुरजी संग होली

## नारायणधाम आश्रम में संतों के सानिध्य में धूमधाम से मनाया फागोत्सव

भीलवाड़ा फोकस @ फूलियाकलां

**(प्रकाश तोषनीवाल)।** पवित्र तीर्थ एवं संगम स्थल धानेश्वर में बुधवार को संतों के सानिध्य में भक्ति, रंग और प्रेम का महापर्व फागोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान भक्तों ने ठाकुरजी के साथ अबीर-गुलाल और फूलों से होली खेली तथा पुष्पवर्षा कर उत्सव का आनंद लिया।

धानेश्वर स्थित नारायणधाम आश्रम में महंत शंकरदास त्यागी महाराज के सानिध्य में आयोजित फागोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत महंत त्यागी महाराज ने ठाकुरजी को गुलाल अर्पित कर गणेश वंदना के साथ की।



फागोत्सव के दौरान भजन गायक कन्हैयालाल शर्मा और आशाराम वैष्णव ने 'रंग मत डाले रे सांवरिया... ', 'काले ने कर दियो लाल जुलम कर डार्यो... ', 'होली खेले तो आ जा धानेश्वर में... ', 'रंग ले के खेलते गुलाल ले के खेलते राधा संग होली नंदलाल खेलते...' तथा 'बाबा श्याम के दरबार मची रे होली...' जैसे भजनों की प्रस्तुति दी। इन भजनों पर उपस्थित पुरुषों, महिलाओं और युवाओं ने भक्ति रस में डूबकर जमकर नृत्य किया।

दोपहर एक बजे से चार बजे तक चले फागोत्सव के दौरान माहौल ऐसा बना मानो पूरा ब्रज धानेश्वर में उतर आया हो। कार्यक्रम में राधा-कृष्ण की सजीव झांकी भी प्रस्तुत की गई।

उत्सव के समापन पर आश्रम में सभी भक्तों के लिए महाप्रसादी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नारायणधाम आश्रम के महंत शंकरदास त्यागी महाराज, नर्बदा खंड के महंत बालकदास महाराज, कादेड़ा के महंत गंगादास महाराज सहित कई संत और बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित रहे।



QUICK BITES

## दौलपुरा में 16 साइकिल वितरण कि गई

**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ ।**




क्षेत्र के दौलपुरा गांव में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राज्य सरकार की शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत द्य16 बालिकाओं को निः शुल्क साइकिल वितरण कि गई। इस मौके पर प्रशासक रामजस दाधीच,बनवारी वैष्णव,आशीष दाधीच,महावीर सिंह शक्तावत, दुदा लाल धाकड़, बसंती लाल सेन,सहित विद्यालय स्टॉप, ग्रामीण मौजूद रहे।

## लक्ष्मी नारायण मंदिर में फागोत्सव की धूम, अबीर-गुलाल से सराबोर हुए श्रद्धालु

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**



कस्बे के ऐतिहासिक लक्ष्मी नारायण मंदिर में होली के उपलक्ष्य में फागोत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ किया गया। फाल्गुन मास की मस्ती में डूबे श्रद्धालुओं ने भगवान के भजनों पर नृत्य किया और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी। भक्ति और रंगों का संगम

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान लक्ष्मी नारायण के विशेष श्रृंगार और आरती के साथ हुई। इसके बाद मंदिर परिसर फाल्गुनी भजनों से गूंज उठा। स्थानीय महिलाओं और श्रद्धालुओं ने पारंपरिक गीतों पर नृत्य करते हुए फाग खेला।

महिलाओं ने एक-दूसरे के चेहरे पर गुलाल लगाकर फागोत्सव की परंपरा निभाई। कलाकारों और श्रद्धालुओं ने 'होली खेल रहे बांके बिहारी' जैसे भजनों से माहौल को भक्तिमय कर दिया। इस अवसर पर कस्बे की बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में एकत्रित हुईं ।

## साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद ।**



नगर के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल के मुख्य अतिथि में साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें 9 वीं कक्षा में पढ़ने वाली 130 बालिकाओं को साइकिले वितरण की गई। कार्यक्रम में

बालिकाओं को संबोधित करते हुए खंडेलवाल ने कहा कि 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाली बालिकाओं को हवाई यात्रा शीघ्र ही करवाई जाएगी । बालिकाओं को अच्छा नागरिक बनने और पढ़ लिखकर मेहनत करके अपना भविष्य सुरक्षित करने की सलाह दी।

विद्यालय हित में जल्दी ही कमरे बन कर तैयार हो जाएंगे। इस मौके पर प्रधानाचार्य दिनेश वर्मा , विधानसभा संयोजक अनिल पारीक ,गोवर्धन वैष्णव ,मनोज सनाढ्य , पूर्व सरपंच गणेश पारीक ,शक्ति केंद्र प्रमुख राजकुमार आगाल ,दिनेश सेन ,अब्दुल कय्यूम लोहार सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।


भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com

वेब: www.bhilwarafocus.com



# NH-158 पर भीषण हादसाः टेंपो पलटने से बाइक सवार दो युवकों की मौत

## बोलेरो की टक्कर के बाद बेकाबू टेंपो बाइक पर गिरा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

नेशनल हाईवे-158 पर बुधवार शाम एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा मावला चौराहे और हर्निया मगरी के बीच श्मशान घाट के सामने उस समय हुआ, जब एक बोलेरो ने सामने चल रहे सब्जी से भरे टेंपो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद टेंपो अनियंत्रित होकर आगे चल रही बाइक पर पलट गया, जिससे बाइक सवार दोनों युवक उसके नीचे दब गए और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।हादसे में मोटी पंचायत के कर्मा का बाडिया निवासी प्रवीण सिंह रावत (37) पुत्र कमल सिंह रावत तथा छोटू सिंह रावत (37) पुत्र भैरूसिंह रावत की जान चली गई। दोनों युवक बदनौर से अपने गांव कर्मा का बाडिया लौट रहे







थे। मृतक छोटू सिंह रावत के भाई नंदा सिंह रावत ने बदनौर थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि बोलेरो चालक की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ। बोलेरो ने पहले टेंपो को सामने से टक्कर मारी, जिससे टेंपो पलटकर बाइक पर गिर गया और दोनों युवक उसके नीचे दब गए।

हादसे के बाद पीछे से आ रही एक कार भी बोलेरो से टकरा गई। इस प्रकार मौके पर चार वाहनों की भिड़ंत हो गई। हालांकि कार सवार लोगों को कोई चोट नहीं आई। सूचना मिलने पर बदनौर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर हाईवे पर यातायात सुचारू कराया। पुलिस ने दोनों शवों को बदनौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए।बताया जा रहा है कि दोनों मृतक बिजली निगम के लिए लाइट पोल लगाने का कार्य करते थे और काम खत्म कर बदनौर से अपने गांव लौट रहे थे।

हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने बोलेरो चालक को पकड़ लिया, जिसे पुलिस अपने साथ थाने ले गई। इस दर्दनाक हादसे से दोनों परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक छोटू सिंह रावत अपने पीछे तीन बेटियां और एक बेटा छोड़ गए हैं, जबकि प्रवीण सिंह रावत के दो बेटे और एक बेटी हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# दुर्गावाहिनी ने बहनों को दिखाया 'द केरल स्टोरी 2' का विशेष शो

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

विश्व हिंदू परिषद की दुर्गावाहिनी भीलवाड़ा महानगर द्वारा चित्तौड़ रोड स्थित रिलायंस आईनॉक्स में फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' का विशेष शो आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहर की बड़ी संख्या में बहनों ने फिल्म देखी।

दुर्गावाहिनी महानगर सह संयोजिका भारती आसवानी ने बताया कि भीलवाड़ा महानगर से लगभग 460 बहनों ने इस फिल्म को देखा। कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदू समाज की बहनों को धर्मांतरण और तथाकथित लव जिहाद जैसे मुद्दों के प्रति




जागरूक करना बताया गया।

उन्होंने बताया कि फिल्म में पिछले एक वर्ष के दौरान सामने आई करीब 15 घटनाओं का उल्लेख किया गया है, जिनमें कुछ परिवारों ने आरोप लगाया है कि हिंदू महिलाओं को इस्लामी तत्वों द्वारा दबाव और उत्पीड़न का सामना करना पड़ा, जिसके बाद उन्होंने आत्महत्या कर ली।

बताया गया कि यह फिल्म लव जिहाद के विषय पर आधारित है और इसमें दावा किया गया है कि केरल की हजारों महिलाओं को इस्लाम में परिवर्तित कर आईएसआईएस में भर्ती किए जाने के मामले सामने आए हैं। फिल्म में गैर-मुस्लिम महिलाओं को कथित रूप से छल-कपट भरे रिश्तों और विचारधारा के माध्यम से इस्लाम में परिवर्तित करने और उन्हें इस्लामिक स्टेट से जोड़ने के आरोपों को दर्शाया गया है।

# कमल कीचड़ में उगकर भी स्वच्छ रहता है, वैभव में भी निर्मल रहना सीखें:आर्यिकारत्न विज्ञाश्री माताजी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

श्रमणी आर्यिकारत्न विज्ञाश्री माताजी ससंघ का अरिहंत कॉलोनी से विहार करते हुए श्री पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर, बापू नगर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने माताजी का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

प्रचार मंत्री प्रकाश पाटनी ने बताया कि माताजी के मंदिर पहुंचने पर महिलाओं ने मंगल कलश लेकर भव्य अगवानी की तथा पाद प्रक्षालन किया। इसके बाद ससंघ ने जिनेंद्र भगवान के दर्शन किए। विज्ञाश्री माताजी के मुखारविंद से शांतिधारा पाठ के वाचन के साथ लक्ष्मीकांत जैन, विनय कुमार जैन, राजेंद्र सोगानी और राजकुमार शाह ने भगवान शांतिनाथ एवं पार्श्वनाथ पर शांतिधारा की। इस अवसर पर गुरु भक्त परिवार और अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया गया।



धर्मदेशना देते हुए आर्यिकारत्न विज्ञाश्री माताजी ने कहा कि बापू नगर में रहते हुए बापू महात्मा गांधी को याद करना चाहिए, लेकिन आज उनके आदर्शों को बहुत कम लोग अपनाते हैं, जबकि उनके नाम के नोट हर जगह चलते हैं। उन्होंने बताया कि बापू ने पुरुषार्थ और अहिंसक आंदोलनों के माध्यम से देश की आजादी के लिए संघर्ष किया।

माताजी ने बताया कि वेदी पर पदम प्रभु भगवान कमल पर विराजमान होते हैं। कमल को इसलिए चुना गया है क्योंकि वह कीचड़ में उगने के बावजूद स्वच्छ और पवित्र रहता है। यह हमें संदेश देता है कि धन और वैभव के बीच रहते हुए भी मनुष्य को निर्मल और पवित्र रहना चाहिए। कमल अंधकार से निकलकर प्रकाश की ओर खिलता है, जो यह दर्शाता है कि सच्ची लक्ष्मी सदैव ज्ञान और धर्म से जुड़ी होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि लक्ष्मी खड़ी रहती हैं और सरस्वती बैठी रहती हैं, जो यह संकेत देता है कि जीवन में ज्ञान और संस्कारों का महत्व सर्वोपरि है। अज्ञानता और संस्कारिक गंदगी के बीच रहते हुए भी मनुष्य को पवित्र रहना चाहिए।

माताजी ने परिवारों को संदेश देते हुए कहा कि परिवार में रहकर धर्म, दान, क्षमा और परोपकार करना चाहिए। एक-दूसरे की सहायता और सद्भाव से ही परिवार में सुख, शांति, समृद्धि और संपत्ति बढ़ती है।

कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञापकश्री माताजी के मंगलाचरण से हुई। अध्यक्ष लक्ष्मीकांत जैन ने बताया कि गुरुवार प्रातः अभिषेक और शांतिधारा के बाद विज्ञाश्री माताजी का धर्म उपदेश, आहारचर्या, दोपहर 3 बजे स्वाध्याय तथा सायं 6:30 बजे आरती, गुरु भक्ति और रात्रि में वयावृत्ति का आयोजन होगा।कार्यक्रम का संचालन पूनमचंद सेठी ने किया।

# मोक्षधाम में चिता भस्म से खेली अनोखी होली, 'जय भैरव बाबा' के जयकारों से गूंजा श्मशान

## सैकड़ों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के बीच हुआ आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

होली पर जहां देशभर में रंग और गुलाल उड़ते हैं, वहीं शहर के पंचमुखी मोक्षधाम में एक अनोखी और रोमांचक परंपरा देखने को मिली। यहां श्रद्धालुओं ने रंगों से नहीं, बल्कि चिता की भस्म से होली खेली। आधी रात को सैकड़ों श्रद्धालु मोक्षधाम में एकत्रित हुए और काशी के मणिकर्णिका घाट की परंपरा की तर्ज पर भस्म होली का आयोजन किया।

जिस श्मशान में लोग दिन में जाने से भी कतराते हैं, वहीं रात के समय ढोल-नगाड़ों की गूंज, भक्ति गीतों की स्वर लहरियां और आरती की रोशनी के बीच श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। चारों ओर 'जय भैरव बाबा' के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।

होली के अवसर पर पंचमुखी मोक्षधाम स्थित प्राचीन श्री मसानिया भैरवनाथ मंदिर से भैरव बाबा की भव्य पालकी निकाली गई। श्रद्धालु पालकी के साथ पूरे मोक्षधाम परिसर में भ्रमण करते हुए चिता



की राख से बनी भस्म एक-दूसरे को लगाकर होली खेलते नजर आए। रंग-गुलाल की जगह यहां दाह संस्कार की राख से तैयार भस्म का उपयोग किया गया।

समिति अध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि यह परंपरा पिछले 18 वर्षों से लगातार निभाई जा रही है। पंचमुखी मुक्तिधाम स्थित मंदिर में श्मशान की राख से भस्म तैयार कर सबसे पहले बाबा को अर्पित की जाती है, इसके बाद यही भस्म प्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं में वितरित की जाती है।

मंदिर के पुजारी संतोष कुमार के अनुसार चिता भस्म अर्पित करने और प्रसाद के रूप में ग्रहण करने से काल, क्लेश, रोग और दोषों का नाश होता है तथा जीवन में सुख-समृद्धि आती है। श्रद्धालु पहले बाबा को भस्म अर्पित करते हैं, इसके बाद भैरव बाबा की पालकी विभिन्न श्मशान घाटों पर रुकती है, जहां आरती कर आशीर्वाद लिया जाता है।



ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर श्रद्धालु भक्ति और उत्साह में झूमते नजर आए। कई भक्त हाथों में तलवार और कटार लेकर पारंपरिक अंदाज में नृत्य करते दिखे। बच्चे, महिलाएं और पुरुष बड़ी संख्या में इस अनूठे आयोजन में शामिल हुए और कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा।

श्मशान में मनाई जाने वाली यह अनोखी भस्म होली अब दूर-दूर तक प्रसिद्ध हो चुकी है। हर साल बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचकर बाबा भैरवनाथ का आशीर्वाद लेते हैं और प्रसाद स्वरूप भस्म अपने घर ले जाकर सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि उन्हें इस अनोखी भस्म होली का पूरे साल इंतजार रहता है और उनका विश्वास है कि बाबा भैरवनाथ उनकी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।

# करंट से मोर की मौत, डेयरी की एसी मशीन जली, बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**



क्षेत्र में बिजली विभाग की लापरवाही के चलते बुधवार सुबह करंट लगने से एक मोर की मौत हो गई। वहीं डेयरी में दूध ठंडा करने के लिए लगी एसी मशीन भी जल गई, जिससे डेयरी समिति को करीब एक से डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हुआ है।
डेयरी समिति के सचिव मांगीलाल पाराशर ने बताया कि करीब तीन महीने पहले बिजली के पोल को शिफ्ट करने के लिए विद्युत विभाग को लिखित शिकायत दी गई थी, लेकिन विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई और पोल यथास्थान ही बना रहा। बुधवार सुबह अचानक करंट की चपेट में आने से एक मोर की मौके पर ही मौत हो गई। उसी दौरान डेयरी में दूध ठंडा रखने के लिए लगी एसी मशीन भी जल गई, जिससे डेयरी को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।डेयरी समिति और ग्रामीणों ने इस घटना के लिए बिजली विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराते हुए दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते पोल शिफ्ट कर दिया जाता तो यह हादसा नहीं होता। घटना की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वनकर्मी अमरसिंह मीणा और त्रिलोक मीणा ने मृत मोर को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने मनाया साधारण सभा की मीटिंग के साथ फागोत्सव

## अध्यक्ष मधु लढा के नेतृत्व में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी एवं सभी समितियां का किया चयन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**




अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन द्वारा अध्यक्ष मधु लढा के नेतृत्व में श्री चारभुजा मंदिर में साधारण सभा की मीटिंग रखी गई। इस दौरान सर्वसम्मति से कार्यकारिणी एवं सभी समितियां का चयन किया गया। साथ ही फाल्गुन महीना होने से सदस्याओ द्वारा चारभुजा मंदिर में फाग उत्सव भी मनाया गया। इस दौरान भजनों, पारंपरिक फागुनी गीतों, नृत्य और फूलों-गुलाल की होली के साथ विशेष पूजा-अर्चना की गई, जिससे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। यह आयोजन सामाजिक सौहार्द का प्रतीक बना। कोषाध्यक्ष उषा सोनी द्वारा सभी सदस्याओं का तिलक लगाकर स्वागत किया। सचिव अनुपमा मंत्री द्वारा मनोनित सभी सदस्य जिसमें उपाध्यक्ष स्नेहलता पटवारी, संपादक सुमन असावा, सहसचिव निर्मला बाहेती, पर्यावरण प्रमुख आशा माहेश्वरी, बाल विकास प्रमुख मंजू बल्दवा, महिला सशक्तिकरण जतन हिंगड, नेत्रदान देहदान प्रमुख रेखा नवाल, रक्तदान अंगदान प्रभारी मंजू सोमानी, संस्कार संस्कृति प्रमुख पुष्पा मुंदड़ा, संबंध समन्वय मंजू झंवर, जनसंपर्क प्रमुख मंजू दरक, तकनीकी प्रमुख उषा सोमानी, कार्यालय संगिनी मधु हिंगड को पदभार सौपा गया। अध्यक्ष मधु लढा ने कहा की पद केवल नाम के लिए दिए जाते हैं, सभी सदस्यों को मिलजुल कर कार्य करना है। मिल-जुलकर काम करने से कठिन लक्ष्य भी सुगम हो जाते हैं और समाज में सुख-समृद्धि आती है। बैठक में पार्वती लाहोटी, अनुपमा शर्मा, सुधा चांडक, मधु मुंदड़ा, आशा डाड, सुनीता शारदा, उर्मिला अजमेरा, सुमित्रा झंवर, सीमा बिरला सहित कई सदस्याओं की उपस्थिति रही।

# पालना गृह में मिली नवजात बच्ची, बाल कल्याण समिति ने लिया संरक्षण में

## अस्पताल में सुबह घंटी बजते ही मिली जानकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



शहर के महात्मा गांधी चिकित्सालय स्थित पालना गृह में बुधवार सुबह एक नवजात बच्ची मिलने से अस्पताल स्टाफ में हलचल मच गई। पालना गृह की घंटी बजने पर स्टाफ मौके पर पहुंचा तो वहां एक नवजात बच्ची को छोड़ा हुआ पाया गया। सूचना मिलने के बाद अस्पताल प्रशासन और बाल कल्याण समिति को इसकी जानकारी दी गई।
अस्पताल प्रशासन के अनुसार बच्ची पूरी तरह स्वस्थ है और उसका वजन करीब 2.600 किलोग्राम बताया गया है। फिलहाल अस्पताल के डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की निगरानी में बच्ची की देखभाल की जा रही है। डॉ. कुलदीप सिंह और नर्सिंग प्रभारी सुनील पोरवाल की टीम द्वारा बच्ची का प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और आवश्यक देखभाल शुरू कर दी गई है।
मामले की सूचना मिलने पर बाल कल्याण समिति के सदस्य विनोद राव भी अस्पताल पहुंचे और बच्ची की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि पालना गृह में मिली इस नवजात बच्ची को बाल कल्याण समिति के संरक्षण में ले लिया गया है। नियमानुसार आगे की प्रक्रिया पूरी कर बच्ची की देखभाल और संरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा।
अस्पताल प्रशासन ने बताया कि पालना गृह की व्यवस्था ऐसे ही मामलों के लिए की गई है, ताकि किसी कारणवश माता-पिता यदि नवजात की परवरिश करने में असमर्थ हों तो उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ सकें और बच्चे की उचित देखभाल हो सके। फिलहाल बच्ची स्वस्थ है और उसकी देखभाल अस्पताल स्टाफ द्वारा की जा रही है।

# मुख्यमंत्री के भेजे अबीर-गुलाल का भाजपा जिला कार्यालय में हुआ वितरण

## स्नेह मिलन समारोह में जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने पदाधिकारियों को दी होली की शुभकामनाएं



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

रंगों के त्यौहार होली के पावन पर्व पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा जिले के भाजपा पदाधिकारियों के लिए उपहार स्वरूप भेजे गए अबीर-गुलाल और शुभकामना संदेश का वितरण भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित स्नेह मिलन समारोह में किया गया। जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने अपने कर कमलों से पदाधिकारियों को यह उपहार प्रदान किया।
जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रेषित उपहार प्राप्त कर कार्यकर्ताओं में विश्व की सबसे बड़ी एवं लोकप्रिय पार्टी का सदस्य होने का गौरव महसूस हुआ। सभी ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।
इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने उपस्थित पदाधिकारियों को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की सार-संभाल भाजपा की सदैव प्राथमिकता रही है। इसी का परिणाम है कि आज संगठन और सरकार दोनों मजबूत स्थिति में हैं।
कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारियों के साथ विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही आगामी पंचायत राज एवं निकाय चुनावों को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ।
इस दौरान जिला पदाधिकारी, मोर्चा जिलाध्यक्ष, विधानसभा संयोजक, सह-संयोजक तथा जिलेभर के मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।

# स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू, 6 से 16 मार्च तक होंगे आवेदन

## कक्षा 1 से 8 तक लॉटरी से चयन, कक्षा 9 के लिए 18 मार्च को होगी प्रवेश परीक्षा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल के अंतर्गत जिले में संचालित सभी विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कक्षा 1 से 5, कक्षा 6 से 8 तथा कक्षा 9 में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 6 मार्च से 16 मार्च तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।
अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक कल्पना शर्मा ने बताया कि कक्षा 1 में अधिकतम 40 रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। यदि आवेदनों की संख्या अधिक होती है तो चयन प्रक्रिया लॉटरी के माध्यम से की जाएगी। इसी प्रकार कक्षा 2 से 8 तक संभावित रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा और आवेदन अधिक होने की स्थिति में चयन लॉटरी के जरिए किया जाएगा।
कक्षा 9 की रिक्त सीटों के लिए 18 मार्च को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा के आधार पर ही अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।
चयनित अभ्यर्थियों के कक्षा 1 से 8 एवं कक्षा 9 के प्रवेश प्रपत्र 25 मार्च से 30 मार्च तक भरवाए जाएंगे। इसके बाद 01 अप्रैल से विद्यालयों में कक्षाओं का संचालन शुरू कर दिया जाएगा।
सभी मॉडल स्कूलों में कक्षा 1 में अधिकतम 40 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा, जबकि कक्षा 2 से 5, कक्षा 6 से 8 तथा कक्षा 9 में प्रवेश उपलब्ध रिक्तियों के आधार पर किया जाएगा।

# बेड़च नदी पर उच्च स्तरीय पुल का मुद्दा फिर गरमाया

## सीसी सड़क निर्माण पर जनप्रतिनिधियों में नाराजगी

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।**



बरूंदनी और बड़लियास के मध्य बहने वाली बेड़च नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण नहीं होने का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने सार्वजनिक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई है। आरोप है कि विभाग ने पुल निर्माण के बजाय जल्दबाजी में सीसी सड़क बनाकर मामले को दबाने की कोशिश की।
बताया गया कि इस समस्या को पहले भी कई बार उठाया गया था। मांडलगढ़ विधायक गोपाललाल खंडेलवाल ने 27 फरवरी 2025 को विधानसभा में भी बेड़च नदी पर उच्च स्तरीय पुल बनाने की मांग की थी। इसके बावजूद विभाग की ओर से भेजी गई रिपोर्ट के बाद पुल निर्माण की संभावना समाप्त हो गई।
इधर पुल पर सीसी सड़क बनाने का कार्य शुरू होने की जानकारी मिलने पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य पर आपत्ति जताई। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए।
ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में कम ऊंचाई के पुल के कारण बरूंदनी, बड़लियास सहित दर्जनों गांवों का संपर्क कई दिनों तक भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ जिला मुख्यालय से कट जाता है। ऐसे में यहां उच्च स्तरीय पुल का निर्माण आवश्यक है।
जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है और विभाग व ठेकेदार ने आपत्तियों के बावजूद कार्य पूरा कर दिया। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## QUICK BITES

### चांदगढ़ भैरुनाथ मंदिर में भव्य हवन-यज्ञ, 21 जोड़ों ने दी आहुतियां

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**



**(रमेश चंद्र डाड)।** चांदगढ़ गांव स्थित भैरुनाथ मंदिर में चल रहे मूर्ति स्थापना एवं धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम के चौथे दिन बुधवार को भव्य हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस दौरान 21 जोड़ों ने यज्ञ में सहभागिता निभाते हुए विधि-विधान से आहुतियां दीं, वहीं यज्ञ में कुल 51 हजार आहुतियां अर्पित की गईं। धार्मिक अनुष्ठान पंडित राधेश्याम आचार्य, रामलाल आचार्य, नंदलाल आचार्य सहित सात विद्वान पंडितों के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया। मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

### भारत विकास परिषद में सीए संदीप बाल्दी तीसरी बार प्रदेश महासचिव

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन भारत विकास परिषद की केंद्रीय कोर बैठक के बाद राजस्थान उत्तर-पश्चिम क्षेत्र की नई कार्यकारिणी घोषित की गई। इसमें भीलवाड़ा जिले की गंगापुर शाखा के सक्रिय सदस्य सीए संदीप बाल्दी को सत्र 2026-27 के लिए लगातार तीसरी बार क्षेत्रीय महासचिव मनोनीत किया गया है।
नागपुर में आयोजित राष्ट्रीय परिषद बैठक में उनके नेतृत्व में किए गए सेवा व संस्कार आधारित कार्यों के लिए राजस्थान उत्तर-पश्चिम क्षेत्र को देश का सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र घोषित किया गया।
बाल्दी के नेतृत्व में 15 नई शाखाओं का गठन, 1.75 लाख से अधिक महिलाओं-बालिकाओं की हिमोग्लोबिन जांच, 4.58 लाख विद्यार्थियों के बीच भारत को जानो प्रतियोगिता सहित कई सेवा कार्य किए गए।
नई कार्यकारिणी में राधेश्याम रंगा (जोधपुर) को क्षेत्रीय अध्यक्ष, सीए राजेन्द्र अग्रवाल (सीकर) को वित्त सचिव और जगदीश शर्मा (जोधपुर) को संगठन सचिव बनाया गया है। बाल्दी की पुनर्नियुक्ति पर परिषद सदस्यों ने हर्ष जताते हुए उन्हें बधाई दी है।

### पाली में बीजेएस का प्रांतीय अधिवेशन सम्पन्न, भीलवाड़ा चैप्टर सम्मानित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




भारतीय जैन संघटना (बीजेएस) राजस्थान प्रांत का छठा दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन पाली में आयोजित हुआ। इसमें नई नियुक्तियों, संगठनात्मक गतिविधियों और समाज सुधार से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। भीलवाड़ा चैप्टर की ओर से 40 सदस्यों ने भाग लिया।
अधिवेशन में संस्थापक शांतिलाल मूथा, राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर सांखला सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। भीलवाड़ा चैप्टर को वर्षभर किए गए उत्कृष्ट सेवा कार्यों और सर्वाधिक सदस्य उपस्थिति के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वर्षभर के कार्यों के प्रेजेंटेशन, स्टेन्डी और फोटो वॉल की भी सराहना की गई।
कार्यक्रम में कोमल जैन द्वारा संचालित 'जेनरेशन टॉक' सत्र विशेष आकर्षण रहा। वहीं रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में भीलवाड़ा चैप्टर की महिला सदस्यों ने 'बीजेएस मैं हूं ना' विषय पर नाटिका प्रस्तुत की।
अधिवेशन के दौरान भीलवाड़ा के ललित लोढ़ा को अजमेर संभागीय महासचिव घोषित किया गया।
अधिवेशन में अनिल कोठारी, मधु लोढ़ा, अरविंद झामड़, किरण सेठी, मनीष सेठी, राजकुमार लोढ़ा, इंद्र चोपड़ा सहित मदनलाल सिपानी, सुशील चपलोत, पारसमल कूकड़ा, सुरेश बम, बलवीर डागलिया, अनिल सिसोदिया, शिव डांगी, संजय लोढ़ा, विपिन दूगड़ तथा महिलाओं में मधु मेड़तवाल, नीलू पानगड़िया, रीना सिसोदिया, रजनी डोसी, नीलम डागलिया, चेतना चपलोत, सुनीता गांधी, मधु विरानी, संध्या पामेचा, सुलेखा पीपाड़ा, मंजू झामड़, सरिता चौधरी, कुसुम बम्ब सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

### मैढ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज ने 'ढूंढ' उत्सव के साथ बिखेरे सामाजिक समरसता के रंग

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**



रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर क्षेत्र के मैढ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज द्वारा पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ खुशियाँ बांटी गई। बुधवार शाम को समाज के विभिन्न परिवारों में 'ढूंढ' का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जो न केवल बच्चों के प्रति स्नेह बल्कि आपसी भाईचारे और एकता का प्रतीक बनकर उभरा। इस अवसर पर समाज के पुरुषों और युवाओं ने टोलियों में एकत्र होकर नवजात बच्चों और छोटे बालक-बालिकाओं के घर जाकर उन्हें 'ढूंढ' पूजने की बधाई दी। पारंपरिक गीतों और ढोल की थाप के बीच, बुजुर्गों ने बच्चों को आशीर्वाद दिया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।